नैक द्वारा प्रत्यायित श्रेणी ''बी''
महाराणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय
जंगल धूसड़, गोरखपुर
स्थापित २००५ ई.
7897475917, 9794299451
Website: www.mpm.edu.in
E-mail : mpmpg5@gmail.com

पित्रांक................................ दिनांक : 22-11-2019

# प्रकाशनार्थ

महाराणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जंगल धूसड़, गोरखपुर में **वार्षिक महोत्सव** के तत्वावधान में **सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता** का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कुल 73 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया, जिसमें बी.ए. तृतीय वर्ष के छात्र सौरभ ओझा ने प्रथम, बी.एड् प्रथम वर्ष के छात्र माधवेन्द्र पति त्रिपाठी ने द्वितीय तथा बी.ए. द्वितीय वर्ष के छात्र शरद दुबे, बी.एड् प्रथम वर्ष के छात्र देवेन्द्र कुमार और बी.ए. प्रथम वर्ष के छात्र अमीर कुमार यादव ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के संयोजक मण्डल में सम्मिलित डॉ. प्रज्ञेश कुमार मिश्र, डॉ. अभिषेक सिंह तथा सुबोध कुमार मिश्र ने विजित प्रतिभागियों को शुभकामनाऐं दीं।

महाराणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जंगल धूसड़, गोरखपुर में **वार्षिक महोत्सव** के तत्वावधान में **हिन्दी निबन्ध प्रतियोगिता** का आयोजन किया गया। जिसका विषय ''अनुच्देद 370 की समाप्ति एवं जम्मू कश्मीर की वर्तमान स्थिति'' रहा। इस प्रतियोगिता में कुल 42 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। जिसमें से प्रथम स्थान माधवेन्द्र पति त्रिपाठी बी.एड. प्रथम वर्ष, द्वितीय स्थान अशवनी कुमार बी.एड. प्रथम वर्ष एवं तृतीय स्थान हर्ष गुप्ता व वंशिका तिवारी बी.एड. प्रथम वर्ष को संयुक्त रूप से प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संयोजन श्रीमती विभा सिंह ने किया। सहयोगी शिक्षक सदस्यों के रूप में सुश्री दीप्ति गुप्ता, डॉ. अनुभा श्रीवास्तवा व डॉ. सुधा शुक्ला उपस्थित रहे।

**(डॉ. राहुल मिश्रा)**
सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी